म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं.: 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

समूह–2 उपसमूह–4 सहा. संपरीक्षक, सहा. जनसंपर्क अधिकारी, सहा. नगर निवेक्षक, सहा. राजस्व अधिकारी, सहा. अग्नि शमनअधिकारी एवं समकक्ष पदों की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती तथा भू–अभिलेख, राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी (कार्यपालिक) पद हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2022

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 15 मार्च 2023 से
26 अप्रैल 2023 तक

परीक्षा परिणाम तिथि : 30 जून 2023

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

29/6/23

29/6
2023

29/06/23

म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

समूह–2 उपसमूह–4 सहा. संपरीक्षक, सहा. जनसंपर्क अधिकारी, सहा. नगर निवेक्षक, सहा. राजस्व अधिकारी, सहा. अग्नि शमनअधिकारी एवं समकक्ष पदो की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती तथा भू–अभिलेख, राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी (कार्यपालिक) पद हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2022 का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 15 मार्च से 26 अप्रैल 2023 तक मध्यप्रदेश के 13 शहरों में समूह–2 उपसमूह–4 सहा. संपरीक्षक, सहा. जनसंपर्क अधिकारी, सहा. नगर निवेक्षक, सहा. राजस्व अधिकारी, सहा. अग्नि शमनअधिकारी एवं समकक्ष पदो की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती तथा भू–अभिलेख, राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी (कार्यपालिक) पद हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2022 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त **12,79,063** मान्य आवेदन–पत्रों के प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे। उक्त परीक्षांर्गत **9,78,270** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं **3,00,793** अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।
2. ऑनलाईन परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा दिनांक 28.04.2023 को आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके अनुसार नार्मलाईज्ड प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित विकल्प/प्राथमिकताक्रम के आधार पर नियमानुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
4. इस परीक्षा हेतु अंतिम रूप से उपलब्ध करवाई गई विभागवार, पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार पदों की संख्या, भरे गए पद, एवं कटऑफ अंकों का विवरण एवं प्रथम 10 स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों का विवरण **परिशिष्ट–1** पर संलग्न है।
5. नियमपुस्तिका के नियम क्रं. 5 के अनुसार ऑनलाईन परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को कम से कम 50 प्रतिशत अंक एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ई.डब्ल्यू.एस. एव निःशक्तजन श्रेणी के उम्मीदवारों को कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण मानते हुए विभागवार, पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
6. नियमानुसार निःशक्तजन संवर्ग के अभ्यर्थियों से संबंधित पद पूर्व से ही अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत बिना वर्ग/ओपन में सम्मिलित है। अतः जितने भी अभ्यर्थी निःशक्तजन संवर्ग के अंतर्गत अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित मेरिट के आधार पर प्राप्त हुए हैं, उनके पदों को संबंधित श्रेणी के बिना वर्ग/ओपन के निर्धारित पदों में से घटाकर श्रेणी एवं विकलांग संवर्गवार परिणाम तैयार किया गया है।
7. परीक्षा परिणाम में विज्ञापित पदों के विरूद्व 20 गुना प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है। निःशक्तजन अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गई है।
8. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः तैयार की गई प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची के आधार पर आवेदक की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों आदि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग/कार्यालय के स्तर से किया जायेगा तथा उचित पाए जाने पर ही संबंधित विभाग/कार्यालय के नियमानुसार अंतिम चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।
9. नियमानुसार समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की आयु के आधार पर पारस्परिक वरीयता निर्धारित की गई है अर्थात् आयु में वरीष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी गई है।
10. मण्डल द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर संबंधित विभाग/कार्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। अतः परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत समस्त कार्यवाही विभाग/कार्यालय स्तर से की जायेगी।
11. परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।
12. नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार "अंतिम उत्तर कुंजी" तथा "परीक्षा परिणाम" की जानकारी ई. एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है, जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल,
दिनांक : 30 जून, 2023

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल